# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक हैट्रिक, जम्मू कश्मीर में नेकां और कांग्रेस को मिला बहुमत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीत पर दी बधाई।
- महाकुंभ 2025 के प्रचार प्रसार के लिए अन्य राज्यों के साथ विदेशों में भी होगा रोड शोः पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी जानकारी।
- मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी पत्नी और प्रतिनिधिमंडल के साथ किया ताजमहल का दीदार : ताजमहल के इतिहास के बारे में हासिल की जानकारी।
- चार सौ सत्तासी सोलर लाइट लगाकर अयोध्या ने तोड़ा सऊदी अरब का रिकॉर्ड :
- प्रदेश के सभी शक्तिपीठों पर आज और कल होंगे शक्ति महोत्सव के आयोजन

**********

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों के मतगणना का परिणाम कल घोषित कर दिया गया है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए बहुमत हासिल किया है। वहीं, केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में दस साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस को बहुमत मिला है। चुनाव आयोग से जारी आंकड़ों के अनुसार हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि कांग्रेस ने 37 सीट, इनेला बसपा ने दो सीट और अन्य ने तीन सीट पर जीत हासिल की है। हरियाणा में पार्टी की जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल पोस्ट में लिखा कि हरियाणा विधान सभा चुनाव–2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई। वहीं जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को जीत हासिल हुई है। 90 विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटो पर जीत हासिल की है। कांग्रेस ने 6 सीट, पीडीपी ने 3 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी को 29 सीटें हासिल हुई हैं।

**********

प्रयागराज महाकुंभ 2025 के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृति विभाग देश के अन्य राज्यों के साथ विदेश में भी रोड शो करेगा। साथ ही प्रदेश के सभी मंडलों में कुंभ समिट का आयोजन होगा।

प्रदेश सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल लखनऊ में एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मंडलों में कुंभ समिट का शुभारंभ लखनऊ से प्रारंभ हो गया है। जबकि समापन 14 दिसम्बर को प्रयागराज में किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि कुंभ के महत्व से परिचित कराने और इसके प्रचार प्रसार के लिये पर्यटन और संस्कृति विभाग की तरफ से देश समेत विदेशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

***अपने विभाग की ओर से अलग–अलग जो हमारी अकादमियां है, संस्थान है अलग–अलग अलग जो प्रतिष्ठान है, उन सबको अलग–अलग जिम्मेदारियाँ देने का जिम्मा दिया गया है और इसी परिपेक्ष में हम लोग पूरे प्रदेश में कुंभ के जो रोड़–शो करेंगे, इसमें बाल, युवा कुंभ का आयोजन करेंगे, शक्ति कुंभ का आयोजन करेंगे, कला संस्कृति कुंभ का आयोजन करेंगे, कवि कुंभ का आयोजन करेंगे और भक्ति कुंभ का भी आयोजन सुनिश्चित करेंगे।***

**********

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री पाठक ने नवंबर माह के अंत तक स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रकार के कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। श्री पाठक ने बताया कि कुंभ क्षेत्र में एक नया 100 बेड का अस्पताल और हर सेक्टर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। एंबुलेंस की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामपुर रज़ा पुस्तकालय की स्थापना के 250 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की अध्यक्षा भी हैं। उन्होंने कहा कि ढाई सौ साल का सफर तय कर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी देश का गौरव बनकर उभरी है। रामपुर रज़ा लाइब्रेरी दक्षिण एशिया के खास पुस्तकालयों में से एक है। ये भारत की इस्लामिक शिक्षा और कला का खज़ाना है।

प्रदेश के वन, पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कल लखनऊ में पेड़ बचाओ अभियान की शुरुआत की। यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। श्री सक्सेना ने लखनऊ में कुकरेल नदी के तट पर स्थित सौमित्र वन में लगाए गए पेड़ों को पानी दिया और उनकी सुरक्षा के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

**********

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कलइ लखनऊ से 7 जनपदों के 12 गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। आगरा, शाहजहांपुर, उन्नाव में दो–दो, संभल में तीन और अमेठी, गोंडा व झांसी में एक–एक वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है।

**********

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुइज्जू अपनी पत्नी और प्रतिनिधिमंडल के साथ कल ताजमहल देखने के लिए आगरा पहुंचे। ताजमहल में राष्ट्रपति दम्पत्ति ने फोटो सेशन करवाया और गाइड से ताजमहल के इतिहास और नक्काशी की जानकारी ली। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***विशेष विमान से आगरा एयरपोर्ट पहुंचे डॉ मोहम्मद मुइज्जू का उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में आगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू और प्रतिनिधिमंडल का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एयरपोर्ट से शिल्पग्राम परिसर पहुंचा, जहां से राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू,पत्नी साजिदा मोहम्मद प्रतिनिधिमंडल के साथ बैटरी चलित गोल्फकार्ट में सवार होकर ताजमहल पहुंचे। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू को ताजमहल का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। ताजमहल का दीदार करने के बाद राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू, पत्नी साजिदा मो0 और प्रतिनिधिमंडल विशेष विमान द्वारा आगरा से मुंबई के लिए रवाना हो गया। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार, आगरा।***

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पिछले दिनों पाली और प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिये जाने के निर्णय का संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पाली विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर हर प्रसाद दीक्षित ने स्वागत किया है। प्रोफेसर दीक्षित ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि पाली एक ऐसी भाषा है, जिसकी संपूर्ण भूमंडल में कोने–कोने पर टीका टिप्पणी मौजूद है।

***पाली एक ऐसी भाषा है जो संपूर्ण भूमंडल में उसके ग्रंथ है त्रिपिटक है उनकी आत्म कथाएं हैं, टीकाएँ हैं, काव्य ग्रंथ है, व्याकरण ग्रंथ है इत्यादि का अध्ययन अध्यापन चल रहा है और नए ग्रंथों का सृजन हो रहा है।***

**********

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या ने दस दशमलव दो किलोमीटर में चार सौ सत्तासी सोलर लाइट लगाकर अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया है। इससे पहले यह रिकार्ड सऊदी अरब के नाम था। सऊदी ने नौ दशमलव शून्य सात किलोमीटर में चार सौ अड़सठ सोलर लाइटें लगाने का कीर्तिमान बनाया था।

***10.2 किलोमीटर में 487 सोलर लाइट लगने से अयोध्या ने दीपोत्सव के बाद एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया है और गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हो गया है। अयोध्या धाम के लक्ष्मण किला से लेकर गुप्तार घाट की निर्मली कुंड तक सोलर लाइट लगाए गए हैं, जिससे सरयू तट रात में जगमगा रहा हैं, जो अयोध्या के विकास की एक बड़ी पहचान भी बन गया है, जगमगाती रोशनी के बीच सरयू तट पर आवागमन सुलभ हो जाने से स्थानीय लोग गदगद और प्रसन्न है, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा कर चुके हैं। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

प्रदेश के 16 शक्तिपीठों पर आज और कल यानी सप्तमी–अष्टमी तिथि को राज्य सरकार शक्ति महोत्सव कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। आयोजन में महिला कलाकारों को वरीयता दी जाएगी। महोत्सव के तहत नौ देवियों पर आधारित झांकीमय प्रस्तुतियां भी होंगी। कुंभ और नवदुर्गा के प्रसंगों, महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रदेश के लोक कलाकार अनेक आध्यात्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगे।

**********